'प्रेस विज्ञप्ति'

कैटलिस्ट कॉलेज में मनाया गया 'संविधान दिवस' कार्यक्रम

छात्रों के मध्य आयोजित की गई क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता

संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26 नवंबर को विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' द्वारा 'कॉन्स्टीट्यूशन डे सेलीब्रेशन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया | जिसमे कॉलेज के बी.बी.ए., बी.सी.ए. तथा बी.कॉम (प्रो०) के छात्रों ने भाग लिया | छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता के दौरान अपने स्पीच से भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण तथा महत्व पर प्रकाश डाला | छात्रों ने भारतीय संविधान, जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला | कार्यक्रम के अंत में बी.बी.एम. के छात्र वेद प्रकाश को भाषण प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया | वहीं बी.बी.ए. की नैन्सी सिन्हा को द्वितीय तथा बी.बी.एम. के आशीष राज को आशीष राज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि बी.सी.ए. के प्रतीक सिंह नाग तथा शैल बाला को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया | सभी विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप 'भारतीय संविधान' की एक प्रति देकर सम्मानित किया गया | वही इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान छात्रों के मध्य भारतीय संविधान से जुड़े विषयों पर क्विज भी आयोजित किया गया | जिसमे छात्रों ने सही जवाब देकर पुरस्कार प्राप्त किया | इस कार्यक्रम में तटस्थ निर्णायक की भूमिका में पटना उच्च न्यायालय के विनोदानंद मिश्रा तथा चाणक्य लॉ विश्वविद्यालय की श्रीमती प्रेरणा भी मौजूद थी |

इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरू में कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को संबोधित किया तथा भारतीय संविधान के महत्व पर प्रक्ष डाला | उसके पश्चात चाणक्य लॉ विश्वविद्यालय की श्रीमती प्रेरणा ने छात्रो को संबोधित किया और उन्होने छात्रों को मूल मंत्र देते हुये कहा की 'संविधान को समाधान है' | जबकि छात्रों को संबोधित करते हुये पटना उच्च न्यायालय के विनोदानंद मिश्रा ने भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रकाश डाला | कार्यक्रम के दौरान मंच सञ्चालन डीन नीरज पोद्दार ने किया | इस अवसर पर सेंटर हेड मेघा अग्रवाल तथा अन्य सभी शिक्षक भी मौजूद थे | कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा अंत में नेशनल प्लेज' लेकर किया गया तथा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर कॉलेज की तरफ से सम्मानित किया गया |

Constitution Day
(संविधान दिवस)
Celebration

Constitution Day
CONSTITUTION
OF
INDIA

Constitution Day
(संविधान दिवस)
CIMAGE